- स्कैनर में फोटोग्राफ /हस्ताक्षर की छवि उसके बिल्कुल किनारे से उत्पन्न करें और तत्पश्चात् छवि को अपेक्षित आकार (जैसा कि ऊपर निर्दिष्ट है) में लाने के लिए अपलोड एडिटर का उपयोग करें।
  Crop the image in the scanner to the edge of the photograph/signature, then use the upload editor to crop the image to the final size (as specified above).

- इमेज़ फ़ाइल जेपीजी**(.jpg)** या जेपीईजी**(.jpeg)** फॉर्मेट में होनी चाहिए। फ़ाइल के नाम का एक उदाहरण है - **image01.jpg** या **image01.jpeg ।** छवि के आयाम फ़ोल्डर फ़ाइलों को सूचीबद्ध कर या फ़ाइल के इमेज आयकॉन पर माउस ले जाकर किया जा सकता है। एमएस विन्डो /एमएस ऑफिस का उपयोग करने वाले अभ्यर्थी एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का उपयोग कर सरलता से **.jpeg** फ़ॉर्मेट में क्रमशः 50 केबी और 20 केबी से अनधिक आकार के फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी फ़ॉर्मेट में स्कैन्ड फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर फ़ाइल मेन्यू में 'सेव एज' विकल्प का उपयोग कर **.jpg** फ़ॉर्मेट में रक्षित किए जा सकते हैं और क्रॉप का और उसके बाद इमेज मेन्यू में रिसाइज़ विकल्प [कृपया पिक्सेल आकार के लिए उपर्युक्त बिन्दु (i) एवं (ii) देखें] का उपयोग कर फ़ाइल का आकार 50 केबी (फोटोग्राफ) तथा 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है। इसी प्रकार के विकल्प अन्य फोटो एडिटरों में भी उपलब्ध हैं।

  The image file should be JPG or JPEG format. An example file name is: image01.jpg or image01.jpeg Image dimensions can be checked by listing the folder files or moving the mouse over the file image icon. Candidates using MS Windows/MSOffice can easily obtain photo and signature in .jpeg format not exceeding 50KB & 20KB respectively by using MS Paint or MSOffice Picture Manager. Scanned photograph and signature in any format can be saved in .jpg format by using 'Save As' option in the File menu and size can be reduced below 50KB (photograph) & 20KB(signature) by using crop and then resize option [Please see point(i) & (ii) above for the pixel size] in the 'Image' menu. Similar options are available in other photo editor also.

**<u>यदि फ़ाइल का आकार और फ़ॉर्मेट अपेक्षा के अनुरूप नहीं होगा, तो स्क्रीन पर त्रुटि संदेश प्रदर्शित होगा।</u>**
**<u>If the file size and format are not as prescribed, an error message will be displayed.</u>**

ऑनलाइन आवेदनपत्र प्रस्तुत करते समय अभ्यर्थी को अपने फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए एक लिंक उपलब्ध होगा।

While filling in the Online Application Form the candidate will be provided with a link to upload his/her photograph and signature.

**फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर अपलोड करने की प्रक्रिया**
**Procedure for Uploading the Photograph and Signature**

- फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए पर दो अलग लिंक उपलब्ध होंगे।
  There will be two separate links for uploading Photograph and Signature.
- संबंधित लिंक "फोटोग्राफ /हस्ताक्षर अपलोड करें" पर क्लिक करें।
  Click on the respective link "Upload Photograph / Signature".
- वह लोकेशन चुनें, जहाँ फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर की स्कैन प्रतियाँ रक्षित की गई हैं।
  Browse and Select the location where the Scanned Photograph /Signature file has been saved.
- संबंधित फ़ाइल पर क्लिक कर उसे चुनें।
  Select the file by clicking on it.
- "अपलोड करें" बटन पर क्लिक करें।
  Click the 'Upload' button.

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी)

**SMALL INDUSTRIES DEVELOPMENT BANK OF INDIA**

**Recruitment of Specialist Officers in Grades 'A' and 'B'**

## सामान्य अनुदेश
## GENERAL INSTRUCTIONS

[**कृपया ऑनलाइन आवेदनपत्र भरने से पहले सावधानीपूर्वक पढ़ें** ]

**[PLEASE READ CAREFULLY BEFORE ON LINE FILLING UP THE APPLICATION FORM]**

**1.** बैंक को यह अधिकार है कि वह बिना कोई कारण बताए किसी भी चरण में कोई आवेदनपत्र /उम्मीदवारी निरस्त कर दे और बैंक का निर्णय अंतिम तथा अभ्यर्थी पर बाध्यकारी होगा।

The Bank has the right to reject any application/ candidature at any stage without assigning any reason and the decision of the Bank shall be final and binding on the candidate.

**2.** चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति तभी की जाएगी, जब उन्हें बैंक चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य की दृष्टि से उपयुक्त घोषित किया जाएगा, उसके चरित्र एवं पूर्ववृत्तके बारे में पुलिस प्राधिकारियों की रिपोर्ट संतोषजनक पाई जाएगी, उसके पिछले नियोक्ता और संदर्भ व्यक्तियों से प्राप्त रिपोर्ट संतोषजनक पई जाएगी और बैंक की पूर्ण संतुष्टि के अनुरूप जाति /जनजाति तथा वर्ग संबंधी प्रमाणपत्र का सत्यापन कर लिया जाएगा अन्य सभी भर्ती-पूर्व औपचारिकताएँ पूरी हो जाएँगी। साथ ही, ऐसी नियुक्ति बैंक के सेवा एवं आचरण नियमों के अधीन होगी।

Appointments of selected candidates will be subject to his / her being declared medically fit by Bank Medical Officer, satisfactory report about his / her character and antecedents by the Police Authorities, satisfactory report from his / her previous employer and referees, verification of caste / tribe and class certificate and completion of all other pre recruitment formalities to the complete satisfaction of the Bank. Further, such appointment shall also be subject to Service and Conduct Rules of the Bank.

**3.** ऑनलाइन आवेदनपत्र का प्रिंटआउट या कोई अन्य दस्तावेज़ (मूल रूप में या उसकी प्रति) सिडबी के किसी कार्यालय /शाखा को **नहीं भेजी जानी चाहिए**।

Printout of the online application form and any other document (in original or copy thereof) **SHOULD NOT BE SENT** to any office / branch of SIDBI.

**4.** आवेदनपत्र भरने से पहले अभ्यर्थी यह अवश्य सुनिश्चित करें कि वे जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उससे संबंधित आयु, शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव, आदि सभी पात्रता मानदंडों को वे **यथा जून 29, 2015 एवं जुलाई 13, 2015 को, जैसा मामला हो,** पूरा करते हैं और आवेदनपत्र में दिए गए सभी विवरण सभी प्रकार से सही हैं। यदि किसी भी समय यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मानदण्डों के किसी भी मानदण्ड को पूरा नहं करता है, और उसने आवेदनपत्र में गलत सूचना दी है या कोई महत्त्वपूर्ण तथ्य छुपाया है /छुपाए हैं, तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त

की जा सकती है यदि इनमें से कोई कमी/त्रुटि नियुक्ति के बाद भी पकड़ी जाती है, तो उसकी सेवाएँ समाप्त की जा सकती हैं।

Before filling in the application form, the candidates must ensure that they fulfill all the eligibility criteria with respect to age, educational qualification, work experience etc. **as on June 29, 2015 and July 13, 2015 as the case may be** in respect of the post for which he / she is making the application and that the particulars furnished in the application form are correct in all respects.

5. **अभ्यर्थियों को सावधान किया जाता है** कि वे ऑनलाइन आवेदनपत्र प्रस्तुत करते समय कोई गलत, कपटपूर्ण /गढ़ी हुई सूचनाएँ/विवरण प्रस्तुत न करें या कोई महत्त्वपूर्ण तथ्य न छुपाएँ। **यदि किसी भी समय यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी आवेदित पद के पात्रता मानदंडों के किसी भी मानदंड को पूरा नहीं करता है, और /या उसने आवेदनपत्र में गलत सूचना दी है या कोई महत्त्वपूर्ण तथ्य छुपाया है /छुपाए हैं, तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त हो जाएगी। यदि इनमें से कोई कमी/त्रुटि नियुक्ति के बाद भी पकड़ी जाती है, तो उसकी सेवाएँ समाप्त की जा सकती हैं।**

**Candidates are cautioned** that they should not furnish any particulars or information that are false, tampered/fabricated or should not suppress any material information while applying on line. **In case it is detected at any stage that a candidate does not fulfill any of the eligibility criteria for the post applied for and / or that he / she has furnished any incorrect information or has suppressed any material fact(s), his / her candidature will stand cancelled. If any of these shortcomings is/are detected even after the appointment, his/her services are liable to be terminated.**

6. सभी शैक्षिक योग्यताएँ अनिवार्य रूप से आवेदनपत्र के प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि को या उससे पूर्व तथा भारत में स्थित किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से प्राप्त की गई हों, जैसा कि विज्ञापन में इंगित किया गया है। यदि प्राप्तांकों के स्थान पर ग्रेड प्रदान किया जाता हो और ग्रेड को अंकीय मान में परिवर्तित करने वाले रूपांतरण चार्ट का उल्लेख अंक-पत्र में न हो, तो अभ्यर्थी ग्रेड को अंकीय मान में परिवर्तित करने वाले रूपांतरण चार्ट की प्रति संलग्न करें, जो विभागाध्यक्ष /संस्थान के प्रमुख द्वारा विधिवत् अभिप्रमाणित की गई हो।

All educational qualifications must have been obtained on or before the last date of submission of application form from recognized Universities / Institutions in India as indicated in this Advertisement. If Grades are awarded instead of marks, candidates should attach a copy of the Conversion Chart of Grade into Numeric value, which has been duly attested by the Head of the Department/ Institute, in case the same is not indicated in the mark sheet.

7. अभ्यर्थी की पात्रता, चरण जिन पर उक्त पात्रता संबंधी जाँच की जानी है, साक्षात्कार, चयन, आदि के प्रयोजन से प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज़, या भर्ती से संबंधित किसी अन्य मामले सहित सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम होगा और अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा। **इस संबंध में, बैंक किसी पत्राचार या व्यक्तिगत पूछताछ पर कोई विचार नहीं करेगा।**

Decision of the Bank in all matters regarding eligibility of the candidate, the stages at which such scrutiny of eligibility is to be undertaken, the documents to be produced for the purpose of conduct of interview / selection etc. and any other matter relating to

recruitment will be final and binding on the candidates. **No correspondence or personal inquires shall be entertained by the Bank in this regard.**

8. बैंक को रिक्तियों की संख्या के समानुपात में साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या सीमित रखने के उद्देश्य से न्यूनतम पात्रता मानकों को ऊँचा करने / आशोधित करने का अधिकार है। इस संबंध में **अलग से कोई संप्रेषण /पत्रव्यवहार /अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी।**
The Bank reserves the right to raise / relax the minimum eligibility standard, etc., in order to restrict the number of candidates to be called for Group Discussion/Interview to commensurate with the number of vacancies. **No separate communication / notification shall be issued** in this regard.

9. बैंक ऐसा कोई अनुरोध स्वीकार नहीं करेगा, जिसमें अभ्यर्थी ने आवेदन करने के लिए अपनी पात्रता के बारे में कोई सलाह माँगी हो।
The Bank shall not entertain requests from the candidates seeking advice about their eligibility to apply.

10. बैंक चयन प्रक्रिया का अंकपत्र अभ्यर्थियों को नहीं देता है।
The Bank does not furnish the mark-sheet of selection process to candidates**.**

11. जमा किया गया आवेदनपत्र वापस करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और भुगतान किया गया आवेदन एवं प्रक्रिया शुल्क / डाक प्रभार किसी भी कारण से **न तो वापस** किया जाएगा और न ही उसे किसी भावी परीक्षा या चयन के लिए प्रारक्षित रखा जाएगा।
Application once made will not be allowed to be withdrawn and the Application cum processing fee / postal charges once paid will **NOT BE** refunded on any account nor would be held in reserve for any future examination or selection.

12. ऑनलाइन बुलावा-पत्र पर चिपकाई गई हाल ही के पासपोर्ट आकार के **रंगीन फोटोग्राफ (बिना गहरे रंग के चश्मे के)** की पर्याप्त प्रतियाँ परवर्ती भर्ती औपचारिकताओं के लिए के लिए सुरक्षित रखी जानी चाहिए। **अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि जब तक भर्ती की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, वे अपने रूप-रंग में परिवर्तन न करें। यदि लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के समय वही फोटोग्राफ प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो अभ्यर्थी को अयोग्य ठहराया जा सकता है।**
Sufficient copies of the recent passport size **colour photograph (without dark glasses)** which is pasted on the 'ON LINE' call letter, should be retained for subsequent recruitment formalities. **Candidates are advised not to change their appearance till the entire recruitment process is over. Failure to produce the same photograph subsequently may lead to disqualification.**

13. अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के संबंध में, वर्ग/जाति प्रमाणपत्र निर्धारित प्ररूप में और ऐसे प्रमाणपत्र जारी करने के लिए अधिकृत प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया होना चाहिए। अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रमाणपत्र में यह विशेष रूप से अंकित होना चाहिए कि अभ्यर्थी **संपन्न स्तर की श्रेणी** के अधीन नहीं आता है, जिसे भारत सरकार की

नागर(सिविल) पदों एवं सेवाओं में अ.पि.व. के लिए आरक्षण के लाभों से वंचित रखा गया है और यह कि **अ.पि.व. से संबंधित प्रमाणपत्र आवेदन की तिथि को एक वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए।**

In respect of candidates belonging to OBC category, the Class certificate should have been issued in the prescribed format and by authorities empowered to issue such certificate. The OBC certificate should specifically indicate that the candidate does not belong to **Creamy Layer Section** excluded from the benefits of reservation for OBCs in Civil Posts and Services under Govt. of India and that the **OBC Certificate should not be more than one year old from the date of closure of on line registration gateway.**

**14.** अन्य पिछड़ा वर्गों को प्रमाणपत्र जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी हैं - उस क्षेत्र का (i) ज़िला मजिस्ट्रेट /अतिरिक्त ज़िला मजिस्ट्रेट / ज़िलाधीश / उपायुक्त / अतिरिक्त उपायुक्त / उप ज़िलाधीश / प्रथम श्रेणी के वैतनिक मजिस्ट्रेट / उप-मंडलीय मजिस्ट्रेट / ताल्लुका मजिस्ट्रेट / कार्यकारी मजिस्ट्रेट / अतिरिक्त सहायक आयुक्त (ii) मुख्य प्रेसीडेन्सी मजिस्ट्रेट / अतिरिक्त मुख्य प्रेसीडेन्सी मजिस्ट्रेट / प्रेसीडेन्सी मजिस्ट्रेट (iii) तहसीलदार की श्रेणी का उससे उच्च स्तर का राजस्व अधिकारी (iv) उप-मंडलीय अधिकारी, जहाँ अभ्यर्थी और /या उसका परिवार सामान्यत: निवास करता हो।

The competent authority for the issue of the Certificate to OBC is (i) District Magistrate / Additional Distt. Magistrate / Collector / Deputy Commissioner / Additional Deputy Commissioner / Dy. Collector / First Class Stipendary Magistrate / Sub-Division Magistrate / Taluka Magistrate / Executive Magistrate / Extra Assistant Commissioner (ii) Chief Presidency Magistrate / Additional Chief Presidency Magistrate / Presidency Magistrate (iii) Revenue Officer not below the rank of Tahsildar (iv) Sub Divisional Officer of the area where the candidate and / or his family normally resides.

**15.** जब तक जनजाति /जाति प्रमाणपत्र का उचित माध्यम से सत्यापन नहीं हो जाता और जब तक शंसा-पत्रों का सत्यापन नहीं हो जाता, तब तक अभ्यर्थी की नियुक्ति अनंतिम बनी रहेगी। **यदि सत्यापन से यह पता चलता है कि अभ्यर्थी का अन्य पिछड़ा वर्ग (संपन्न वर्ग में में न होने सहित) के होने का दावा और अन्य प्रमाणपत्र झूठे हैं, तो उसकी सेवा बिना कोई कारण बताए तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जाएगी। बैंक झूठा/झूठे प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के लिए अभ्यर्थी के विरुद्ध ऐसी कोई आगे की कार्रवाई करने का अधिकार रखता है, जो वह उचित समझे।**

The candidate's appointment will remain provisional subject to tribe / class certificate being verified through proper channel and verification of testimonials. **The candidate's service will be liable to be terminated forthwith without assigning any reason in case the verification reveals that his / her claim for belonging to OBC (including not belonging to creamy layer) and other testimonials is false. The Bank also reserves its right to take such further action against the candidate, as it may deem proper for production of false certificate(s).**

**16.** साक्षात्कार के दौरान **हिन्दी या अंग्रेजी के प्रयोग का** विकल्प उपलब्ध होगा। **अभ्यर्थी आवेदनपत्र में उपयुक्त जगह पर अपनी पसंद अवश्य इंगित करें। ।**

Option **for use of Hindi/English** will be available during interview**. Candidates may note to indicate their choice at appropriate place in the application form.**

17. अभ्यर्थियों को भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण / ऑनलाइन /व्यक्तिगत साक्षात्कार परीक्षा में शामिल होने के लिए अपने खर्च / जोखिम पर आना होगा। बैंक किसी अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार की चोट, क्षति, आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। The candidates will have to appear for the Pre-Recruitment Training / Online examination / Personal Interview at their own cost and risk. The Bank shall not be responsible for any injury / loss etc of any nature to any candidate.

18. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए पात्र(नगर से बाहर के) व्यक्ति वर्ग के अभ्यर्थियों को यात्रा का टिकट /दस्तावेज़ी साक्ष्य प्रस्तुत करने पर रेल से आने-जाने के वास्तविक द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के किराये या उसके समकक्ष बस के किराये का भुगतान किया जाएगा।

Eligible (Outstation) candidates called for Group Discussion/Interview shall be reimbursed II AC to/fro train or equivalent bus fare on production of tickets/ documentary evidence.

19. जो चयनित अभ्यर्थी सरकारी /अर्द्ध-सरकारी संगठनों, सार्वजिक क्षेत्र के बैंकों / उपक्रमों में सेवारत हैं, उन्हें **ड्यूटी के लिए रिपोर्ट करते समय** अपने नियोक्ता से जारी ***कार्यमुक्ति पत्र / सेवामुक्ति प्रमाणपत्र की मूल प्रति*** अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करनी होगी। **ऐसा न किए जाने पर उन्हें ड्यूटी पर रिपोर्ट करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।** अत: जो अभ्यर्थी सरकारी /अर्द्ध-सरकारी संगठनों, सार्वजिक क्षेत्र के बैंकों / उपक्रमों में सेवारत हैं, वे सिडबी में आवेदन करने से पहले, अपने मौजूदा नियोक्ता के नियमों /विनियमों के अनुसार पूर्वअनुमति /अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करें, तो बेहतर होगा।

Selected Candidates, who are already in service of Government / Quasi-Government organizations, Public Sector Banks / Undertakings, must produce a ***'proper relieving letter / discharge certificate in original'*** form their present Employer **at the time of reporting for duty, failing which they shall not be allowed to report for duty.** Therefore, candidates, who are already in service of Government / Quasi-Government organizations, Public Sector Banks / Undertakings, may like to obtain prior permission / No objection certificate from their present employer before applying in SIDBI as per rules / regulations of their present employers in this regard.

20. केवल वही अभ्यर्थी आवेदन करें, जो भारत में कहीं भी सेवा करने के इच्छुक हों। Only candidates **willing to serve anywhere in India** may apply.

21. ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार के समय बुलावा-पत्र एवं अभ्यर्थी का मौजूदा वैध फोटो पहचानपत्र, जैसे - पैनकार्ड /पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेन्स/मतदाता पहचानपत्र/फोटो सहित बैंक पासबुक/आधिकारिक पत्रशीर्ष पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचानपत्र का प्रमाण / आधिकारिक पत्रशीर्ष पर जन-प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचानपत्र का प्रमाण /मान्यताप्राप्त महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा जारी हाल का वैध पहचानपत्र/ फोटोग्राफ के साथ आधार कार्ड/कर्मचारी पहचानपत्र/फोटोग्राफ के साथ बार काउन्सिल का पहचानपत्र सत्यापन के लिए कक्ष-निरीक्षक को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। अभ्यर्थी की पहचान उसके बुलावा-पत्र, उपस्थिति-सूची और अपेक्षित दस्तावेज़ों में दिए गए विवरण के संदर्भ में सत्यापित की जाएगी। यदि अभ्यर्थी की पहचान संदेहजनक होगी, तो उसे परीक्षा /साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

In the examination hall as well as at the time of Group Discussion/Interview, the call letter along with original and a photocopy of the candidate's currently valid photo identity such as PAN Card/ Passport/ Driving Licence/ Voter's Card/ Bank Passbook with photograph/ Photo identity proof issued by a Gazzetted Officer on official letterhead/ Photo identity proof issued by a People's Representative on official letterhead/ valid recent Identity Card issued by a recognized College/ University/ Aadhar card with a photograph/ Employee ID/ Bar Council Identity Card with photograph should be submitted to the invigilator for verification. The candidate's identity will be verified with respect to his/her details on the call letter, in the Attendance List and requisite documents submitted. If identity of the candidate is in doubt the candidate may not be allowed to appear for the Examination.

**E-Aadhar Card and Ration Card are not valid id proofs for this project**.

**टिप्पणी : अभ्यर्थी को** परीक्षा और साक्षात्कार में भाग लेते समय क्रमश: परीक्षा के बुलावा-पत्र तथा साक्षात्कार के बुलावा-पत्र के साथ मूल फोटो पहचानपत्र/साक्ष्य दिखाना होगा और फोटो पहचानपत्र/साक्ष्य की प्रति प्रस्तुत करनी होगी, जिसके अभाव में उन्हें परीक्षा /साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थी ध्यान दें कि बुलावा-पत्र में जो नाम दर्शाया गया है (पंजीकरण के दौरान प्रदत्त), वह फोटो पहचान-पत्र में दिए गए नाम से पूर्णतः मेल खाना चाहिए। जिन महिला अभ्यर्थियों ने विवाह के उपरांत प्रथम /अंतिम /मध्य नाम में परिवर्तन किया हो, वे इसका विशेष रूप से ध्यान रखें। यदि बुलावा-पत्र और फोटो पहचान-पत्र/साक्ष्य में अंकित नाम मेल नहीं खाते होंगे, तो अभ्यर्थी को परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**Note:** Candidates have to produce in original the photo identity proof and submit photocopy of the photo identity proof along with Examination call letter as well as the Group Discussion/Interview Call Letter while attending the examination/ Group Discussion/Interview respectively, without which they will not be allowed to take up the examination/ Group Discussion/Interview. Candidates must note that the name as appearing on the call letter (provided during the process of registration) should exactly match the name as appearing on the photo identity proof. Female candidates who have changed first/last/middle name post marriage must take special note of this. If there is any mismatch between the name indicated in the Call Letter and Photo Identity Proof the candidate will not be allowed to appear for the exam.

**22.** कृपया ध्यान दें कि निम्नलिखित दस्तावेज़ों के बिना अभ्यर्थी को ऑनलाइन परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

Please note that candidates will not be permitted to appear for the Online examination / Group Discussion/Interview without the following documents:

**(i)** परीक्षा के लिए वैध बुलावा-पत्र
Valid Call Letter for the Examination;

**(ii)** मूल रूप में फोटो पहचान पत्र/साक्ष्य;
Photo-identity proof in original; and

**(iii)** फोटो पहचान पत्र/साक्ष्य फोटोप्रति
Photocopy of photo-identity proof

23. दर से अर्थात् परीक्षा /साक्षात्कार के लिए बुलावा-पत्र में निर्दिष्ट **रिपोर्टिंग समय के बाद आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।** बुलावा-पत्र में अंकित रिपोर्टिंग समय परीक्षा शुरू होने से पहले का समय है। यद्यपि परीक्षा की अवधि 2 घंटे हैं, किंतु अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर लगभग 4 घंटे रहना है, जिसमें विभिन्न अपेक्षित दस्तावेज़ों का सत्यापन एवं संग्रह करने, लाग-इन करने, अनुदेश दिए जाने जैसी औपचारिकताएँ पूरी करने के लिए आवश्यक समय भी शामिल है।

**CANDIDATES REPORTING LATE** i.e. after the reporting time specified on the call letter for Examination/Group Discussion/Interview **will not be permitted** to take the Examination/Group Discussion/Interview. The reporting time mentioned on the call letter is prior to the Start time of the examination. Though the duration of the examination is 2 hours, candidates may be required to be at the venue for about 4 hours including the time required for completion of various formalities such as verification and collection of various requisite documents, logging in, giving of instructions.

24. **दुराचरण /अनुचित साधनों के प्रयोग के दोषी पाए गए अभ्यर्थियों के विरुद्ध कार्रवाई**

**ACTION AGAINST CANDIDATES FOUND GUILTY OF MISCONDUCT/ USE OF UNFAIR MEANS**

अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदनपत्र प्रस्तुत करते समय कोई गलत, कपटपूर्ण /गढ़ी हुई सूचनाएँ /विवरण प्रस्तुत न करें या कोई महत्त्वपूर्ण तथ्य न छुपाएँ।

यदि परीक्षा, साक्षात्कार या भर्ती प्रक्रिया के किसी परवर्ती चरण में कोई अभ्यर्थी निम्नलिखित का दोषी पाया जाता (पाया गया) है -

Candidates are advised in their own interest that they should not furnish any particulars that are false, tampered with or fabricated and should not suppress any material information while submitting online application.

At the time of Examination, Group Discussion/Interview or in a subsequent selection procedure, if a candidate is (or has been) found guilty of –

(a) अनुचित साधनों का प्रयोग या

Using unfair means or

(b) पररूप धारण या किसी व्यक्ति द्वारा छद्मरूप धारण या

Impersonating or procuring impersonation by any person or

(c) परीक्षा कक्ष में / साक्षात्कार के दौरान दुर्व्यवहार या परीक्षा (परीक्षाओं) की किसी विषयवस्तु या उसमें दी गई किसी सूचनाओं का पूर्णत या अंशत: किसी रूप में या किसी साधन से, मौखिक या लिखित, इलेक्ट्रॉनिक या यांत्रिक रूप में किसी प्रयोजन से प्रकट करना, प्रकाशित करना, प्रतिलिपि बनाना, संप्रेषित करना, भंडारण करना अथवा

misbehaving in the Examination/ Group Discussion/Interview hall or disclosing, publishing, reproducing, transmitting, storing or facilitating transmission and storage of contents of the examination(s) or any information therein in whole or part thereof in any form or by any means, verbal or written, electronically or mechanically for any purpose or

(d) अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी अनियमित या अनुचित साधनों का सहारा लेना या

resorting to any irregular or improper means in connection with his/ her

candidature or

(e) अपनी उम्मीदवारी के संबंध में अनुचित साधनों के माध्यम से समर्थन लेना, या
obtaining support for his/ her candidature by unfair means, or

(f) परीक्षा /साक्षात्कार कक्ष में मोबाइल फोन या संचार के इसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना, ऐसे अभ्यर्थी आपराधिक अभियोजन के पात्र होने के साथ-साथ, निम्नलिखित के भी पात्र होंगे –
carrying mobile phones or similar electronic devices of communication in the Examination/ Group Discussion/Interview hall, such a candidate may, in addition to rendering himself/ herself liable to criminal prosecution, be liable :

(i) उस परीक्षा के लिए अपात्र, जिसके लिए वह अभ्यर्थी है।
to be disqualified from the examination for which he/ she is a candidate

(ii) सिडबी द्वारा आयोजित किसी परीक्षा में भाग लेने से स्थायी रूप से या किसी निर्दिष्ट अवधि के लिए बहिष्कृत/वर्जित किया जाना।
to be debarred either permanently or for a specified period from any examination conducted by SIDBI

(iii) यदि उसने सिडबी की सेवा में कार्यग्रहण कर लिया है, तो सेवा की समाप्ति किए जाने के लिए।
for termination of service, if he/ she has already joined SIDBI.

**महत्त्वपूर्ण**

**Important:**

सिडबी सही और गलत उत्तरों की समानता का पैटर्न जानने के लिए अभ्यर्थियों की उत्तर-पुस्तिकाओं का अन्य अभ्यर्थियों की उत्तर-पुस्तिकाओं के साथ विश्लेषण करेगा। इस संबंध में, यदि बैंक की अपनाई गई विश्लेषण प्रक्रिया में यह अनुमान /निष्कर्ष निकलता है कि उत्तरों को साझा किया गया है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं हैं, तो सिडबी को संबंधित अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार है तथा ऐसे अभ्यर्थियों (अयोग्य) का परिणाम रोक लिया जाएगा।

SIDBI would be analyzing the responses (answers) of individual candidates with those of other candidates to detect patterns of similarity of right and wrong answers. If in the analytical procedure adopted by the Bank in this regard, it is inferred/ concluded that the responses have been shared and scores obtained are not genuine/ valid, SIDBI reserves right to cancel the candidature of the concerned candidates and the result of such candidates (disqualified) will be withheld.

**25.** केंद्र, स्थल का पता, आवेदित पद, परीक्षा एवं साक्षात्कार की तिथि एवं समय की सूचना संबंधित बुलावा-पत्र में दी जाएगी। जिस अभ्यर्थी ने सफलतापूर्वक पंजीकरण कराया हो, वह सिडबी की वेबसाइट **www.sidbi.in** में अपना विवरण, अर्थात् पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड/जन्मतिथि प्रविष्ट कर अपना बुलावा-पत्र डाउनलोड कर सकता /सकती है। बुलावा-पत्र या विवरण पुस्तिका की हार्ड प्रति डाक /कुरियर से नहीं भेजी जाएगी। सूचना ऑनलाइन आवेदनपत्र में पंजीकृत ई-मेल पते तथा मोबाइल संख्या पर ई-मेल और /एसएमएस से भेजी जाएगी। मोबाइल संख्या या ई-मेल पते में किसी परिवर्तन, तकनीकी त्रुटि या बैंक के नियंत्रण से बाहर किसी अन्यथा

कारण से ई-मेल या एसएमएस के माध्यम से भेजी गई किसी सूचना के देर से प्राप्त होने अथावा प्राप्त न होने के लिए सिडबी उत्तरदायी नहीं होगा। अत: अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया के दौरान विवरण, अद्यतन सूचनाओं या अन्य किसी ऐसी सूचना के लिए नियमित रूप से सिडबी की वेबसाइट **www.sidbi.in** देखते रहें, जो अतिरिक्त मार्गदर्शन के लिए वेबसाइट पर डाली जाएगी तथा समय-समय पर अपने पंजीकृत ई-मेल खाते का अवलोकन करते रहें।

The Centre, venue address, post applied for, date and time for examination and Group Discussion/Interview shall be intimated in the respective Call Letter. A candidate who has registered successfully should download his/her call letter from SIDBI's website **www.sidbi.in** by entering his/ her details i.e. Registration Number and Password/Date of Birth. No hard copy of the call letter/ Information Handout will be sent by post/ courier. Intimations will be sent by email and/ sms to the email ID and mobile number registered in the online application form. SIDBI will not take responsibility for late receipt/ non-receipt of any communication e-mailed/ sent via sms to the candidate due to change in the mobile number, email address, technical fault or otherwise beyond the control of the Bank. Candidates are hence advised to regularly keep in touch with the Bank's website ww.sidbi.in for details, updates and any information which may be posted for further guidance as well as to check their registered e-mail account from time to time during the recruitment process.

**26.** परीक्षा के आयोजन में कुछ ऐसी समस्याएँ आने की संभावना को पूर्णत: नकारा नहीं जा सकता है, जिनसे परीक्षा संपन्न किए जाने और /या परीक्षा परिणाम उत्पन्न होने पर प्रभाव पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में, समस्या के समाधान का हर संभव प्रयास किया जाएगा, जिसमें अभ्यर्थी को अन्य केंद्र पर स्थानांतरित (शिफ़्ट) किया जाना या यदि आवश्यक समझा जाएगा, तो पुनर्परीक्षा आयोजित किया जाना शामिल है। इस संबंध में सिडबीका निर्णय अंतिम होगा। जो अभ्यर्थी ऐसा परिवर्तन स्वीकार करने के इच्छुक नहीं होंगे, उनकी इस परीक्षा के लिए उम्मीदवारी समाप्त हो जाएगी।

The possibility for occurrences of some problem in administration of the examination cannot be ruled out completely which may impact test delivery and/or result from being generated. In that event, every effort will be made to rectify the problem, which may include shifting the candidates to the other centers or to conduct of another examination if considered necessary. Decision of SIDBI in this regard shall be final. Candidates not willing to accept such change shall loose his/her candidature for this exam.

**27.** भर्ती से संबंधित सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम और अभ्यर्थी पर बाध्यकारी होगा। इस संबंध में बैंक किसी पत्राचार या व्यक्तिगत पूछताछ पर विचार नहीं करेगा।

Decision of the Bank in all matters relating to recruitment will be final and binding on the candidate. No correspondence or personal enquiries shall be entertained by the Bank in this behalf.

**28.** यदि परीक्षा एक से अधिक सत्रों में आयोजित की जाएगी, तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न परीक्षा बैटरियों के कठिनाई स्तर के मामूली अंतरों के समायोजन के लिए विभिन्न सत्रों के प्राप्तांकों को समीकृत किया (समस्तरीय

बनाया) जाएगा। एक से अधिक सत्र उस स्थिति में अपेक्षित होते हैं, जब नोड क्षमता कम हो या किसी केंद्र पर या किसी अभ्यर्थी के लिए कुछ तकनीकी बाधाएँ आ जाती हैं।

If the examination is held in more than one session, the scores across various sessions will be equated to adjust for slight differences in difficulty level of different test batteries used across sessions. More than one session are required if the nodes capacity is less or some technical disruption takes place at any centre or for any candidate.

29. चयनित अभ्यर्थी को 3 वर्ष की अवधि के लिए बैंक में सेवा करने या 3 वर्ष की सेवा अवधि पूरी होने से पहले उसके बैंक से त्यागपत्र देने की स्थिति में बैंक को `2 लाख की रक़म अदा करने से संबंधित सेवा बांड वचनपत्र निष्पादित करना होगा।

The selected candidate will be required to execute a Service Bond undertaking to serve the Bank for a period of 3 years or to pay the Bank a sum of `2 lakh in case he/she leaves the Bank before the completion of the 3 year service period.

30. प्रत्युत्तरों (आवेदनपत्रों की संख्या) एवं प्रशासनिक व्यवहार्यता, आदि के आधार पर बैंक परीक्षा /साक्षात्कार के लिए किसी केंद्र को निरस्त करने और / या नए केंद्र जोड़ने का अधिकार रखता है। बैंक को किसी अभ्यर्थी को उसके पसंदीदा केंद्र के स्थान पर कोई अन्य केंद्र आवंटित करने का भी अधिकार है।

The Bank reserves the right to cancel any of the centres and / or add some other centres depending upon the response, administrative feasibility etc. Bank also reserves the right to allot the candidate to any of the centres other than the one he / she has opted for.

31. इस विज्ञापन और /या इसके प्रत्युत्तर में दिए गए आवेदनपत्रों के फलस्वरूप उत्पन्न किसी दावे या विवाद से संबंधित मामलों के संबंध में कोई विधिक कार्यवाही केवल लखनऊ में की जा सकती है और लखनऊ स्थित न्यायालय /न्यायाधिकरण /मंच ही किसी धारा /विवाद पर न्यायिक विचार करने के लिए एकमात्र एवं अनन्य अधिकार रखते हैं।

Any legal proceedings in respect of any matter of claim or dispute arising out of this advertisement and / or an application in response thereto can be instituted only In Lucknow and Courts / Tribunals / Forums at Lucknow only shall have sole and exclusive jurisdiction to try any clause / dispute.

32. अभ्यर्थी **प्रणाली (सिस्टम) से उत्पन्न आवेदनपत्र का प्रिंटआउट /पंजीकरण संख्या /पासवर्ड भावी उपयोग के लिए अनिवार्य रूप से सुरक्षित रखना सुनिश्चित करें।** पंजीकरण संख्या या पासवर्ड भेजे जाने संबंधी किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

The candidate must **ensure to keep safely system generated print out of application form / registration number and password** for future use. No requests for re supply of registration number / password shall be entertained.

33. **किसी प्रकार का अनुयाचन (सिफारिश) अयोग्यता होगी।**

**Canvassing in any form will be a disqualification.**

***